## खबर संक्षेप

### चिंगरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम 5 को

**अंडा।** दीपावली पावन पर्व के अवसर पर ग्राम चिंगरी में सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 5 नवंबर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर कन्हारपुरी राजनादगांव वालो का कार्यक्रम होगा। उक्त जानकारी देते हुए सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति के भूषण देशमुख एवं अनुराग दिल्लीवार ने दी।

### शिव महापुराण कथा 4 से

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा (आरा मशीन) मोहल्लावासी एवं समस्त ग्रामवासी अंडा के तत्वावधान में श्री शिव महापुराण कथा 4 नवंबर से रखा गया हैं।



प्रवचनकर्ता भगवताचार्य बालव्यास पं. सौरभ शर्मा (बाबू महाराज) अरमरीकला वाले महाराज का होगा। प्रतिदिन सुबह 9 बजे पार्थिव शिवलिंग पूजा, कथा क्रम उत्सव दोपहर 1 बजे से, शिव इच्छा तक 4 नवम्बर, सोमवार कलश यात्रा, शिवमहापुराण महात्म, चंचुला कथा, 5 नवम्बर नारद मोह, कुबेर पूर्ण चरित्र, शिवलिंग, 6 नवम्बर सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 नवम्बर राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 नवम्बर गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर कथा 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ौतरी, शिव सहस्त्र नाम पूर्णाहुति किया जाएगा। 10 नवम्बर को सिद्ध रूद्राक्ष वितरण किया जाएगा।

### विधायक ललित ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ पुरई में सुनी मन की बात

# मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट, गेमिंग और फिटनेस पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रविवार को ग्राम पुरई में बूथ नंबर 127, वार्ड 16 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना। 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। बता दें कि मन की बात का यह 115 वां एपिसोड है।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट का जिक्र किया। ये मुद्दा पिछले कई दिनों से देश में सुर्खियां बटोर रहा था। इसी पर बात करते हुए पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपनी बात रखी। पीएम ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड से सावधान रहने की जरूरत है। डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए समाज में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने ये भी बताया कि फ्रॉड कॉल आए तो सबसे पहले 'रूके, सोचें और फिर ऐक्शन' लें। डिजिटल अरेस्ट सिर्फ झूठ और फ्रॉड है। क्योंकि कोई भी जांच एजेंसी वीडियो कॉल नहीं करती।

**डिजिटल फ्रॉड से बचने समाज में जागरुकता लाने की जरूरत**



इस अवसर पर महामंत्री सोनू राजपूत, रूपेश पारख, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, प्रशांत ठाकुर, शीतला ठाकुर, छबिलाल साहू, संतु कुमार, सुखीत यादव, लोकनाथ साहू, नोहर साहू, थालेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, यादराम यादव, रामेश्वर यादव, चेतन साहू, गजेंद्र साहू, उदय राम साहू, चमन पटेल, हेमलता साहू, सावित्री साहू, रुक्मणी साहू, तोमीन साहू, सरिता शर्मा, श्यामा साहू , प्रमिला साहू, सुनीता साहू, मणि राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**डिजिटल अरेस्ट पर कैसे करें बचाव**

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट से बचाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब भी इस तरह कोई कॉल आए तो सबसे पहले रुको, सोचो और फिर एक्शन लो, जल्दबाजी में कोई भी कदम नहीं उठाना है। दूसरी बात सोचो की कैसे कोई एजेंसी आपसे इस तरह से पूछताछ कर सकती है। वीडियो कॉल पर धमकी दे सकती है। जब कभी भी ऐसा हो तो सबसे पहले स्क्रीनशॉट लें और हो सके तो रिकॉर्ड भी करें। इसकी कंप्लेंट आप 1930 पर डायल करके भी कर सकते हैं। इसके अलावा **cybercrime.gov.in** पर भी अपनी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं।

## संस्कृति महोत्सव में युवरानी अर्चना व पूर्वी हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता राजिम में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की छात्रा अर्चना यदु को एकल गीत में प्रांत स्तर पर द्वितीय सम्मान और छात्रा पूर्वी को शास्त्रीय नृत्य में प्रांत स्तर पर तृतीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार छात्रा युवरानी यदु ने एथलेटिक्स में संभाग स्तर पर गोल्ड मेडल प्रांत स्तर और क्षेत्र स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त कर गौरवमय इतिहास रचा। प्राचार्य पीएल बारले सहित आचार्य दीदियों ने गुलदस्ता भेंट कर प्रांत स्तर पर अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित करने पर बधाई दी।

- विद्यालय को गौरवान्वित करने पर शिक्षकों ने दी बधाई

**अर्चना के एकल भजन पर लोग हुए मंत्र मुग्ध**

विद्याभारतीय से संबद्ध सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन राजिम में हुआ। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर शिशु वर्ग की छात्रा बहन अर्चना यदु ने एकल भजन स्पर्धा में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किए। बहन अर्चना को प्रांत स्तर पर द्वितीय सम्मान से सम्मानित किया गया।संरक्षक धनेश्वरी साहू ने बताया कि नन्हीं सी बच्ची अर्चना ने जब एकल भजन प्रस्तुत किए तब उपस्थित जन एकाग्रचित होकर बहन अर्चना की कंठ में विराजित मां सरस्वती की कृपा पर भाव कृतज्ञता प्रगट कर रहे थे।

**पूर्वी ने शास्त्रीय नृत्य में बनाया तीसरा स्थान**

प्रांत स्तरीय संस्कृति महोत्सव स्पर्धा राजिम में सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर की छात्रा पूर्वी बंजारे ने शास्त्रीय नृत्य कर प्रांत स्तर में तृतीय स्थान पर सम्मान प्राप्त किया। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि पूर्वी विद्यालय स्तरीय सांस्कृतिक आयोजनों में अग्रणी रहती है।उन्होंने कहा कि विद्यालय के इन अवसरों का लाभ लेते हैं। वे बच्चे अपने भविष्य को अच्छा से सवार पाते है। सर्वांगीण विकास के मंच पर प्रतिभा को निखारने वाले सभी बच्चों और सहयोग करने वाले माता पिता पर हमें गर्व हैं।

### बोड़ेगांव स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोजन

**ननकट्ठी।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ेगांव में न्योता भोजन कराया गया। जिसमें ग्राम पंचायत बोड़ेगांव के पंच द्वारका देवांगन द्वारा हलुआ एवं पूड़ी का न्योता भोज कराया गया। शासकीय बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त पोषक भोजन प्रदाय करने के लिए जारी निर्देशानुसार शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री पोषण शक्ति हेतु सबके प्रयासों से प्रदान की जाने वाली सामग्री में शाला के लिए पूर्ण भोजन ,कक्षा विशेष के लिए पूर्ण भोजन या अतिरिक्त पोषण आहार होने का मार्गदर्शन शाला की प्रधान पाठक नीतू बागड़े एवं शिक्षक शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर देव कुमार सिन्हा, पंच होरी दास मानिकपुरी, बृजेंद्र नाथ मिश्रा एवं शिक्षक प्रताप सिंह धनकर, सोहनलाल मरकाम आदि उपस्थित थे।

## सेन समाज दुर्ग में चुनावी सरगर्मियां तेज अध्यक्ष सहित चार पदों पर होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिला सेन समाज के वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल खत्म हुआ, जिसके बाद से दुर्ग जिले में निवासरत सेन समाज के सामाजिक लोग अब चुनावी मोड पर आ गए हैं। आपको बता दें कि पूर्व लोकतांत्रिक व्यवस्था से चुनाव हुआ था, जिस पर अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सेन, भीम व सचिव डॉ. सुमन कौशिक निर्वाचित हुए थे। वहीं उपाध्यक्ष पद पर विजय सेन व कोषाध्यक्ष तन्नू कौशिक बने थे। अब उनका तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा हुआ, जिसके बाद से ही सेन समाज में नये पदाधिकारियों को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। इस वर्ष चुनावी वर्ष होने कारण से दावेदार भी सक्रिय हो रहे हैं, जिसमें विजय सेन दनिया व भीखम ठाकुर का नाम प्रमुख रूप से आगे चल रहा है। निर्वाचन अधिकारी हरेंद्र उमरे व नरेश श्रीवास ने बताया है कि अभी मतदाता सूची तैयार किया जा रहा है, जिसमें जिले के तीनों ब्लाक के आम समाजिक गण मतदाता होंगे, वहीं सभी प्रत्याशी 8 नवंबर से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे व नाम वापसी पश्चात 19 नवंबर को मतदान होगा, साथ ही 4 बजे मतगणना होगी।

सेन समाज दुर्ग जिला में इस बार भी चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था से होगा जिसमें जिले भर से आम समाजिकगणों को मतदाता बनाया जाएगा और समाज में सबकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिला प्रभारी विजय सेन ने कहा कि चुनावी वर्ष होने कारण इस बार समाज में सरगर्मियां तेज हो गई है।



- 19 नवम्बर को मतदान, शाम तक आएंगे परिणाम

निर्वाचन अधिकारी हरेन्द्र उमरे व नरेश श्रीवास ने बताया कि आगामी चुनावों को लेकर तारीखों का ऐलान कर दिया गया है जिसमें 5 नवम्बर से मतदाता सूची का प्रकाशन होगा, 8 नवंम्बर से नामांकन दाखिल किया जाएगा, 11 नवंबर को दस्तावेजों की जांच होगी और नाम वापसी होगी। 19 नवम्बर को मतदान होगा, जिस पर तीन जगह मतदान केंद्र बनाया गया है। दुर्ग शहर, पाटन विकासखंड व धमधा विकासखंड।

समाज में पूराने पदाधिकारियों का कार्यकाल खत्म हो जाने के बाद से नये दावेदार सक्रिय नजर है रहे हैं जिसमें विजय सेन दनिया व भीखम ठाकुर दुर्ग का नाम सबसे ऊपर चल रहा है, दावेदार आम समाजिक से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं व घर सहित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर पहुंच रहे हैं।

## हिन्दू युवा मंच ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**भिलाई।** दीपावली के त्योहार के पश्चात छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार गौरा-गौरी का पूजन के पश्चात शहर के विभिन्न तालाबों में उनका विसर्जन किया जाता हैं, जो कि हमारे छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों में से कोई एक हैं। इस विषय को लेकर हिन्दू युवा मंच ने शहर के तालाबों के घाटों पर साफ-सफाई व प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने की मांग की है। इस विषय में दुर्ग शहर महापौर धीरज बाकलीवाल को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान हिन्दू युवा मंच संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेशाध्यक्ष कुमार नायर, संगठन महामंत्री राजेश शर्मा, दुर्ग जिला प्रभारी राजा देवांगन, कमल रणदिवे, शहर अध्यक्ष जय देवांगन, अरुण अग्रवाल, दिनेश मिश्रा, भगवंत सिंह, विरेंद्र सिंह, शिबू सोनी, शिवांश वैष्णव, राज गुप्ता, नीरज देवांगन, शिवांश वैष्णव, निरंजन सिंह, पीलू साहू, बैद्यनाथ ठाकुर, आयुष देशमुख, भास्कर देशमुख, रवि देशमुख सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।






**बिजनेस साइट**

## केएस एग्रीकल्चर की सेल्फ प्रपोल्ड हार्वेस्टरों की खरीदारियां

**भिलाई।** सोमवार जो कि भगवान शंकर का दिवस कहलाता है, ऐसे शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के भिन्न-भिन्न जिलों से आए कृषकों ने अपनी-अपनी पसंदों की कम्पनीयों की हार्वेस्टिंग मशीन खरीद कर स्वयं ही नहीं अपितु अपने गांव के कृषकों के दिलों दिमाग में खुशियों की तरंगे व्यापित कर दिए हैं। यूं तो सभी कंपनियों की मशीने लगभग समान रूपी होती है लेकिन कुछ पार्ट्स बॉडी के सभी कम्पनीयों में भिन्न-भिन्न होते हैं एवं 'बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा' के तर्ज पर कार्य करने पर ही औद्योगिकी सफल होती है। उसी तर्ज पर कार्य करने वाली यह विश्वसनीय कम्पनीयां हैं जिनका नाम पूरे भारतवर्ष में कृषकों के दिलों दिमाग में व्याप्त है। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए कमला मोटर्स के संचालक पुत्र सीएमए पद्मेश जैन, बरमेचा सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, कनिष्ठ अभियंता किशोर निषाद, बरमेचा एलीवेटर के मुख्य अभियंता जयदीप सामंत, दीपू जयसवाल एवं शंखनाद करती हुई पुजारिन नंदिता सावंत इत्यादि सम्मिलित हुए। वहीं केएस एग्रीकल्चर की बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन मशीन की चाबी ग्रहण करते हुए मुढ़ीया परपोड़ी के कृषक बंशीलाल वर्मा ने अपने पुत्र पुरुषोत्तम वर्मा को जीवकोपार्जन के लिए दीपावली के तोहफे के रूप में कंबाइन मशीन की चाबी भेंट की एवं सतीश जंघेल, अश्वनी जंघेल, रामेश्वर जंघेल, गोविंद जंघेल, रवि जंघेल इत्यादि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बरनाला पंजाब की औद्योगिकी बहुचर्चित पानेसर एग्रोटेक के बहुफसलीय सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन मशीन की चाबी प्रदान करते हुए सुभाष चंद्राकर संचालक केसरीएग्रो मशीन की खरीददारी करने एटिकसा राजनांदगांव के कृषक डोमन देशलहरा ने अपने भतीजे लाल बहादुर कोसरे को आर्थिक समृद्धि प्रदान करते हुए स्वयं आकर मशीन की खरीददारी करवाकर गौरवान्वित महसूस कराया एवं इस शुभ अवसर पर ईस्ट मित्र एवं साथीगण तेजराम सिंह, भूपेंद्र ओंगरे, भजन सिंह इत्यादि उपस्थित होकर आसपास के वातावरण को सुहावना बना दिए।




## नरेश टीवीएस में घूमो दुनिया और गिफ्ट ऑफर की धूम

**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। नरेश टीवीएस में गिफ्ट पाकर ग्राहक खुश हो रहे हैं। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।




## चिराग आटोडील को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद

**भिलाई।** बोरसी रोड महाराजा चौक में स्थित चिराग आटोडील में सभी प्रकार के सेकण्ड हैंड चार पहिया वाहन की बिक्री की जाती है। चिराग आटोडील के संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि हमारे यहां छत्तीसगढ के सभी जिला बेमेतरा, रायपुर, बलौदाबाजार, बालोद, खैरागढ, राजनांदगांव, अंबागढ चौकी, गुण्डरदेही, अभनपुर, मुंगेली के ग्राहक आ करके वाहन लेकर गए हैं और संतुष्ट हैं। नवरात्रि के समय ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था। दिपावली त्योहार सीजन को देखते हुए गाडी के साथ आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। दिवाली धमाका ऑफर के तहत धनतेरस, लक्ष्मीपूजा में जो भी ग्राहक गाडी लेकर के जाएगा उसे गाडी में फूल डीजल, पेट्रोल टंकी में दिया जाएगा। गाडी खरीदने पर चिराग आटोडील में फाइनेंस, आरटीओ एवं इंश्योरेंस की सुविधा दी जा रही है। एसके फाइनेंस के द्वारा आरसी लिमिट डिलर, चिराग आटोडील के द्वारा त्योहार के समय अच्छे बिजनेस और कार्य के लिए एरिया मैनेजर तेजनाथ परगनिहा, ब्रांच मैनेजर नरेन्द्र शर्मा के द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया।





### एसआई बनने रुख्साना को अपने हौसलों से मिली कामयाबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले के ग्राम निकुम के मोहम्मद जुबेर खान अशरफी व शकीला बेगम की 25 वर्षीय बेटी रुख्साना बानो छग पुलिस उपनिरीक्षक में चयन होने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है, क्योंकि बचपन से अपने अम्मी अब्बूजान को कड़ी मेहनत करते देख अपना लक्ष्य पाने रुख्साना बानो ने अपने हौसले के उड़ान से अपनी मंजिल पाई। वहीं एसआई बनने का सपना बेटी ने पूरा किया। बानो की कामयाबी पर संदीप चन्द्राकर, गुलशन चन्द्राकर सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।



## विधायक ने रिसाली में सक्रिय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 के तहत भाजपा ने सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने मरोदा सेक्टर भिलाई बूथ अध्यक्ष पुनाराम कलिहारी को भाजपा सक्रिय सदस्यता की प्रक्रिया पूर्ण कर आवेदन प्राप्त कर सक्रिय सदस्य बनाया। कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने प्रेरित किया। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल की ओर बहुत आगे बढ़ चुका है। देश में 9 करोड़ से अधिक सदस्य बन गए हैं। प्रत्येक मंडल में कम से कम 300 सक्रिय सदस्यत बनाना अनिवार्य है। प्राथमिक सदस्य बनाने के प्रथम व द्वितीय चरण में हम सब ने खूब परिश्रम किया है अब सक्रिय सदस्यत बनने के लिए कमर कस कर जुट जाना है। सक्रिय सदस्य बनाकर 100 रुपया का डिजिटल पेमेंट आवश्यक है।

- भाजपा के सक्रिय सदस्य बनें और इस अभियान को सशक्त करें : ललित



**कैसे बन सकते हैं सक्रिय सदस्य**

सक्रिय सदस्य पार्टी के लिए एक समर्पित सदस्य होता है। वह इसके बाद भाजपा के मंडल लेवल से लेकर जिला स्तर तक का कोई भी चुनाव लड़ सकता है। 100 रुपये का प्राथमिक शुल्क देकर कोई भी भाजपा का सक्रिय सदस्य बन सकता है। लेकिन वो 100 सदस्यों को जोड़ने के बाद ही आपको सक्रिय सदस्य माना जाएगा। इस अवसर पर भिलाई जिला उपाध्यक्ष सुनील साहू, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, मंडल मंत्री अजीत चौधरी ,अनुपम साहू, पार्षद धर्मेंद्र भगत टीकम साहू, भूपेंद्र दास बॉबी, निरंजन जैन, उपेंद्र रिगरी, तमेश साहू आदि उपस्थित थे।

### दीपावली पर्व पर सुआ नृत्य करने घर-घर पहुंच रही टोलियां

# छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा अंचल में दीपावली पर्व के पूर्व सुआ नृत्य की हलचल शुरू हो चुकी है। सुआ नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी महिला व बच्चियों ने कायम रखा है। सुबह से देर शाम तक घरों में सुआ नृत्य के लिए महिला व बालिकाओं की टोलियां दस्तक दे रही हैं। इससे पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है। अंडा क्षेत्र सहित अंचल के चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोल्हापुरी, जंजंगिरी, डौकीडीह, ओटेबंध, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, देवरी, खप्परवाडा, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, निकुम, झोला, तिरगा, भोथली, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, नगपुरा, बोरई सहित कई गांवों में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व सांस्कृतिक सुआ गीत नृत्य की धूम मची हुई है। सप्ताह भर पूर्व से सुआ नर्तक दल नृत्य और मनमोहक गीत से आशीष देने पहुंच रहे हैं। इन दिनों महिला व छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों की सुआ नर्तक टोली गांव व शहर में लोगों के घर आंगन, दुकानों में नृत्य कर आशीष देती नजर आ रही हैं। सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की परंपराओं में से एक महत्वपूर्ण नृत्य है। पर्व विशेष को लेकर छोटी-छोटी बालिकाएं साड़ी पहनकर सुआा नृत्य करने पहुंच रही हैं। गीत गाकर और ताली बजाकर नृत्य करती हैं। गांवों में यह प्रथा अब भी कायम है। त्योहार की खुशी जाहिर करने की यह एक परंपरा है। जिसमें लोग अपनी क्षमतानुसार रुपए, अनाज, उपहार देते हैं। इस अवसर पर किरण, रूखमणी, मालती, सकुन, कमला, अनुसूइया, सीता, तुलसी, द्रौपति सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



**दिवाली आगमन का दे रहे संदेश**





**जामगांव आर।** स्कूलों में दीपावली अवकाश हो गई और स्कूली नन्हीं बच्चियों द्वारा सुवा नृत्य करते हुए घर-घर जाना खास बन गई है। साड़ी और रंगीन परिधान में बच्चे घर-घर जाकर सुवा नृत्य करती नजर आ रही है। दीपोत्सव के साथ छत्तीसगढ़ में सुवा नृत्य और राउत नाच खास हो जाती है। समय के संग बच्चे और युवा संस्कृति के रंग में रंगते चले जाते है जिसकी झलक धनतेरस के पहले दिन सोमवार से स्कूली बच्चे घर-घर जाकर सुवा नृत्य कर संदेश देने लगे हैं। बिस्कुट, चॉकलेट पैसे के साथ बिदा लेते हुए आनंदित बच्चे दूसरे घर की ओर रुख करते चले जाते है। प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन पूर्व सांस्कृतिक सचिव सौरभ राठी ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति की तूफानी दौर में छोटी-छोटी बच्चियां साड़ी परिधान धारण कर घर घर जाकर छत्तीसगढ़ महतारी का मनमोहक संदेश सुवा नृत्य के माध्यम से देते हुए दीपावली आने की सूचना दे रहे हैं।

